तृतीय चुनावी साक्षरता महोत्सव, 2022 प्रतिवेदन

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 11 मई 2022 दिन बुधवार को रजत जयंती सभागार में "तृतीय चुनावी साक्षरता महोत्सव, 2022" कार्यक्रम का आयोजन चुनाव आयोग के द्वारा संचालित निर्वाचन साक्षरता क्लब कार्यक्रम से प्रेरित हो कर किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य विषय **"मेरा मत सिर्फ मेरा अधिकार नहीं बल्कि मेरा शक्ति है"** पर आधारित रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर बी एन तिवारी रहे, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर निलंबरी दवे विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान विभाग सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, डॉ प्रवीण कुमार मिश्रा अधिष्ठाता समाजिक विज्ञान संकाय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ अनुपमा सक्सेना ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अथितियों द्वारा कार्यक्रम की पोस्टर विमोचन एवं छात्रा समीक्षा नायर द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं महत्ता की प्रस्तुतीकरण से हुआ। राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों द्वारा "वोट देकर हम फर्ज निभाएंगे, लोकतंत्र का हम पर्व मनाएंगे" जैसे स्वरचित मधुर चुनावी गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। तत्पश्चात बहुत ही सुंदर और सराहनीय ढंग से नुक्कड़ नाटक जिसका मुख्य विषय 'मेरा वोट मेरा भविष्य' के जरिए विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व को दर्शाया जिसने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। अगली कड़ी में अतिथियों द्वारा 'लोकतंत्र की दीवार' गतिविधि का अंतर्गत प्रदर्शित पोस्टर एवं पेंटिंग मैकिंग, एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिती का निरीक्षण किया गया। लोकतंत्र की दीवार गतिविधि के अंतर्गत स्लोगन लेखन (विषय: **'मेरा मत मेरा भविष्य'**, पोस्टर एवं पेंटिंग मैकिंग प्रतियोगिती (विषय- **'सोच-समझकर और नैतिकता के साथ मतदान'** एवं **'आदर्श आचार संहिता'** का आयोजन किया गया। इस गतिविधि को अतिथियों ने विद्यार्थियों के हुनर को खूब सराहा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत **'चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए'** विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसी कड़ी में इस महोत्सव में 'माडल मतदान' गतिविधि का भी आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत मतदाता पंजीकरण से लेकर मतदान की प्रक्रिया को भी गतिविधि के माध्यम से आयोजित किया गया। इस गतिविधि में मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों के कार्यों के साथ उनकी भूमिका का गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रस्तुतीकरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर बी एन तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों के भीतर प्रतिभाएं की कूट कर भरी है। राजनीति विज्ञान विभाग का यह एक सराहनीय पहल है जो जन-जन को चुनाव प्रणाली के प्रति जागरूक करने और मतदान के महत्व को दर्शाने का काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आगे कहा कि इस उत्सव को विभाग स्तर पर ही नहीं बल्कि विश्वविद्यालय स्तर पर वृहद रूप से आयोजित करने की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर निलंबरी दवे ने कहा आप सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत की झलक इस कार्यक्रम में निश्चित रूप से प्रदर्शित हुई। यह कार्यक्रम व्यक्तित्व, मानसिक कुशलता, नैतिकता और शारीरिक शक्ति का विकास करेगी। इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपने हुनर के अलावा शिक्षा क्षेत्र में भी तत्पर और अग्रसर हैं जो विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण विषय है। सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रोफेसर प्रवीण मिश्रा ने कहा की आप जैसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के संकायाध्यक्ष होने के नाते मैं अपने आप में आज बहुत ही हर्षित हूं। राजनीति विज्ञान विभाग शुरू से ही सभी क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्रमुख समूह जैसे तरंग, उड़ान इस राजनीति विज्ञान विभाग की देन है जो विभाग के लिए गौरव का विषय है। आप सभी विद्यार्थियों की हर संभव सहायता के लिए मैं सदैव उपस्थित हूं। इस कार्यक्रम का समन्वयक छात्रा सपना नायक, हिमांशु सिंह राठोर और सोनिया जसवाल एवं संचालन छात्र नमन जसवाल एवं छात्रा मौसमी नामदेव द्वारा किया गया एवं आभार प्रकट छात्रा

प्रतिष्ठा पाण्डेय एवं स्तुति दिनकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विभाग के समस्त शिक्षक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित दर्ज करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।